मध्यप्रदेश विधान सभा

नवम्बर-दिसम्बर, 2011 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरुवार, दिनांक 24 नवम्बर, 2011 (अग्रहायण 3, 1933)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री रामलखन सिंह, सदस्य, बाण सागर बहुउद्देशीय परियोजना में सतना जिले के रामपुर बघेलान क्षेत्र के ग्रामों में सिंचाई सुविधा हेतु नहर नहीं बनाये जाने की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, सदस्य, मंदसौर जिले के ग्राम दलौदा चौपाटी स्थित हाई स्कूल के प्राचार्य द्वारा सायकल क्रय में अनियमितता किये जाने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. प्रतिवेदन की प्रस्तुति एवं स्वीकृति

श्रीमती ललिता यादव, सभापति, गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का सत्रहवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगी तथा निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगी -

"सदन गैर सरकारी सदस्यों के विधयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के सत्रहवें प्रतिवेदन से सहमत है."

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, भिण्ड जिले के -

(क) ग्राम खेरिया भापर के तालाब के जीर्णोद्धार किये जाने,
(ख) ग्राम सायपुरा के तालाब का जीर्णोद्धार किये जाने,
(ग) ग्राम अमाड़ा में तालाबों का जीर्णोद्धार किये जाने,
(घ) ग्राम बगियापुरा के तालाब का जीर्णोद्धार किये जाने,
(ङ) दबोह के करधेन तालाब का जीर्णोद्धार किये जाने,
(च) करधेन तालाब से अतिक्रमण हटाये जाने,
(छ) ग्राम रूरई का तालाब के जीर्णोद्धार किये जाने, तथा
(ज) मिहोना एवं दबोह में बाई पास रोड निर्माण किये जाने,

(2) श्री रामलखन सिंह, सदस्य, सतना जिले के -

(क) ग्राम छिबौरा से अतरहरा पहुंच मार्ग पर मगरदहा नदी पर रपटा बनाए जाने,
(ख) रामपुर बघेलान अनुविभाग के अन्तर्गत छिबौरा राजस्व सर्किल को दो मार्गों में बांटे जाने,
(ग) सेमरावल नदी पर झूला पुल बनाये जाने,
(घ) ग्राम बर्ती में हाईस्कूल का उन्नयन किये जाने,
(ङ) पूर्वा नहर क्रमांक-2 बनाई जाकर सिंचाई क्षमता बढ़ाई जाने, तथा
(च) शासकीय हाईस्कूल दलदल को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने,

(3) श्री प्रियव्रत सिंह, सदस्य, राजगढ़ जिले के -

(क) ग्राम मेहराजपुरा के प्राथमिक विद्यालय का उन्नयन किया जाना,

(ख) शासकीय नवीन हाई स्कूल ढावलीकलां में हैंडपंप खनन किये जाने, तथा

(ग) ग्राम देवरी में प्राथमिक विद्यालय का उन्नयन किये जाने,

(4) श्री बृजेन्द्र सिंह, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के -

(क) पृथ्वीपुर में स्टेडियम का निर्माण किये जाने,

(ख) पृथ्वीपुर मुख्यालय में पॉलीटेक्निक विद्यालय खोले जाने,

(ग) पृथ्वीपुर में कन्या महाविद्यालय खोले जाने, तथा

(घ) पृथ्वीपुर स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण किये जाने,

(5) श्री राम किशोर (नानो) कांवरे, सदस्य, बालाघाट जिले के -

(क) ग्राम दलखाटोला, कातलबेड़ी, बड़ागांव, गोरली, साल्हे, महाजन टोला फण्डकी में आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण किये जाने, तथा

(ख) ग्राम दलखाटोला, दोरली, फतेहपुर, केशलई, साल्हे, मानपुर में स्कूलों के भवनों की मरम्मत किये जाने,

(6) श्रीमती उमादेवी खटीक, सदस्य, दमोह जिले के -

(क) ग्राम पंचायत मादों, मुराछ, पॉजी, देवरागढ़ी, कुआखेड़ाबाजी में सी.सी. रोड निर्माण किये जाने, तथा

(ख) हटा नगर के चण्डी जी वार्ड में विद्युतीकरण किये जाने,

(7) श्री विश्वास सारंग, सदस्य, भोपाल जिले के -

(क) शहर के छोला मंदिर रोड से रेल्वे कोच फेक्ट्री के बीच अंडर ब्रिज निर्माण किये जाने, तथा

(ख) शहर के वार्ड क्रमांक 35 में सीमेन्ट कांक्रीट रोड एवं गलियों का निर्माण किये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

5. वर्ष 2011-2012 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन

श्री राघवजी, वित्त मंत्री, वर्ष 2011-2012 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन करेंगे.

6. शासकीय विधि विषयक कार्य

(1) श्री करण सिंह वर्मा, राजस्व मंत्री, मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक, 2011 (क्रमांक 31 सन् 2011) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

(2) श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, राज्यमंत्री लोक सेवा प्रबंधन, मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2011 (क्रमांक 32 सन् 2011) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

7. नियम 139 के अधीन अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा

प्रदेश में खाद बीज की कमी, कालाबाजारी एवं नकली खाद बीज व कीटनाशक की बिक्री से उत्पन्न स्थिति के संबंध में चर्चा का पुनर्ग्रहण.

8. प्रतिवेदनों पर चर्चा

निर्धारित समय 1 घन्टा

मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1997-98, 1998-99, 1999-2000, 2000-2001, तथा 2001-2002 की अनुशंसाओं के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा.

राजकुमार पांडे
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 23 नवम्बर, 2011